



सितम्बर–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर
# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश


पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

➡ उपलब्धियाँ

➡ सराहनीय कार्य

➡ उल्लेखनीय कार्य

➡ कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध


## पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, सुल्तानपुर का लोकार्पण

- दिनांक 27.08.2019 : मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र.,योगी आदित्यनाथ जी ने सुल्तानपुर के पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय का लोकार्पण किया। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मा. मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया व वर्ष 2018 में प्रदेश में पहली बार 30,000 आरक्षियों का प्रशिक्षण पूर्ण होने, एक साथ 92 प्रशिक्षण केन्द्रों पर वर्चुअल क्लास द्वारा 30,000 प्रशिक्षुओं के सम्बोधन तथा सोशल मीडिया, साइबर क्राइम एवं योग को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने से अवगत कराया। श्री सिंह ने तनाव प्रबन्धन व अभिव्यक्ति की कक्षाओं के आयोजन तथा आचरण व व्यवहार में सुधार के प्रयासों के आशाजनक परिणामों का उल्लेख करते हुए भविष्य में लगभग 42,000 आरक्षियों के प्रशिक्षण व गुणवत्ता सुधार के सम्बन्ध में भी बताया।

मा. मुख्यमंत्री जी ने प्रथम बैच प्रशिक्षुओं को उ.प्र. पुलिस के आधुनिकीकरण हेतु स्थापित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय को समर्पित करते हुए बधाई दी और कहा कि प्रशिक्षु प्रशिक्षण में जितना पसीना बहायेंगे, फील्ड में उतना ही कम खून बहाना पड़ेगा। मेहनत से प्रशिक्षण करने तथा सैद्धांतिक व व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने पर भी बल दिया। सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, अन्य अपराधों से निपटने के लिये नयी परिस्थितियों के अनुरुप रहने व ईमानदार रहने का संदेश देते हुए वर्ष 2019 में प्रयागराज में भव्य कुम्भ, वाराणसी में भारतीय अप्रवासी दिवस तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन सम्पन्न कराने में उ.प्र. पुलिस के अच्छे व्यवहार की सर्वत्र प्रशंसा होने का उल्लेख किया तथा बेहतर प्रयास कर आगे बढ़ने, सामान्य जीवन में अच्छा व्यवहार एवं दक्षता बनाये रखने का आवाहन किया। कार्यक्रम में मा. मंत्रीगण, मा. विधायक, श्री अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, गृह, व वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। तदोपरान्त मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्पन्न अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा गोष्ठी में मा. मंत्रीगण, मा. विधायक तथा प्रशासन व पुलिस के सम्बन्धित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।







## स्वतंन्त्रता दिवस-2019 कार्यक्रम



- दिनांक 15.08.2019 : स्वतंन्त्रता दिवस की 73वीं वर्षगांठ पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया व लखनऊ स्थित पुलिस इकाईयों के उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस मुख्यालय के सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्राप्त करने वाले कार्मिकों को अलंकृत किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रदेश की जनता व पुलिसजनों को हार्दिक बधाई देते हुए स्वतंन्त्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और बलिदान को याद किया। उ.प्र. पुलिस द्वारा असीमित चुनौतियों का सामना करते हुए विगत ढाई वर्षों में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की दिशा में असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करने व माफियाओं, गैंगेस्टर, पेशेवर हत्यारों, लुटेरों और अन्य शतिर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के परिणामस्वरुप आम जनता में व्याप्त भय का माहौल खत्म होने का उल्लेख किया गया। प्रयागराज कुम्भ–2019 के सफल आयोजन, प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने, एन्टी रोमियो स्क्वॉड, जनपदीय पुलिस, यूपी 100 की सक्रियता एवं सघन पेट्रोलिंग, वुमेन पावर लाइन द्वारा जुलाई–2019 में लड़कियों से संवाद व सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण, त्रिनेत्र एप, सीसीटीएनएस से E-Court, E-Prison एवं E-Prosecution को लिंक करने, यूपी कॉप एप, भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा भ्रष्ट कर्मियों के खिलाफ सतत कार्यवाही, आईआईटी,

कानपुर, बीपीआर एण्ड डी और इसरो के साथ Predictive Policing, Data Analysis, वैज्ञानिक विवेचना एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर तकनीकी उन्नयन हेतु समझौते, सोशल मीडिया द्वारा जन समस्याओं के निस्तारण, यूपी 100 को रेलवे पुलिस, अग्निशमन सेवा एवं एम्बुलेंस सेवाओं से एकीकृत कर आम नागरिकों की मदद करने में सफल रहने का उल्लेख भी किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं तथा उच्च कोटि के मानदण्ड स्थापित करने का आवाहन किया।




## उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस-2019 पर प्राप्त पदक/सम्मान चिन्ह

| भारत सरकार द्वारा प्रदत्त | विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक PPM | दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक PM | अति उत्कृष्ट सेवा पदक (नवसृजित) | उत्कृष्ट सेवा पदक (नवसृजित) | अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृह मंत्री का पदक | प्रशिक्षण में उत्कृष्टता हेतु केन्द्रीय गृह मंत्री का पदक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 05 | 71 | 809 | 951 | 10 | 01 |
| पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त | उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह | सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह | प्रशंसा चिन्ह | | | |
| | | | प्लेटिनम | स्वर्ण | रजत | |
| | 50 | 200 | 27 | 86 | 365 | |

## जन कल्याण सेवाएँ

### Gender Sensitisation Programme

- दिनांक 06.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने यूपी 100 सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली और उ.प्र. पुलिस की एक दिवसीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला (Gender Sensitisation Programme) का शुभारम्भ किया तथा कार्यशाला में जनपद/इकाई के राजपत्रित/अराजपत्रित कार्मिकों को Gender Sensitisation & Empowerment का वास्तविक तात्पर्य समझाते हुए लिंग संवेदीकरण की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला, सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ महिलाओं की समाज में भागीदारी को स्वीकारने, महिला अपराधों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करने, कार्यशाला के अनुभवों का जनपद/इकाई में व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु संवेदित किया। राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के 4 विषय विशेषज्ञों (श्री सर्वेश कुमार पाण्डेय, सुश्री प्रिया भारद्वाज, सुश्री देबलीना बनर्जी व सुश्री जैनिस वर्गीज़) ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में एडीजी, मानवाधिकार, एडीजी, यूपी 100, एसपी, मानवाधिकार भी उपस्थित रहे।





## तकनीकी उन्नयन

### "वर्चुअल क्लास रूम" द्वारा LMS & Digital Content एवं SICP COURSE-2019 का शुभारम्भ

- दिनांक 01.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रशिक्षण निदेशालय, पुलिस मुख्यालय में पुलिस प्रशिक्षण हेतु "वर्चुअल क्लास रुम" द्वारा Learning Managment System & Digital Content एवं SICP COURSE-2019 का शुभारम्भ किया। डॉ. संजय एम. तरड़े, एडीजी, प्रशिक्षण ने उक्त प्रशिक्षण की रुपरेखा व प्रशिक्षु तथा प्रशिक्षक के मध्य Text, Audio, Video द्वारा संवाद कर सकने को स्पष्ट किया। श्री ओ. पी. सिंह ने मानसिकता, मिशन और विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति को हमेशा अपने दृष्टिकोण में रखने और उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करने पर बल दिया व LMS व Digital Content द्वारा एकरुप व गुणवत्तापरक प्रशिक्षण को प्रशिक्षण कार्य में बड़ा योगदान बताया। इस प्रक्रिया से 4 केन्द्रों के 1793 प्रशिक्षु लाभान्वित हो रहे हैं।



## उपलब्धि

### उत्तर प्रदेश पुलिस को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2019

- दिनांक 23.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड–2019 कुम्भ मेला बंदोबस्त एवं वीवीआईपी ड्यूटी मैनेजमेण्ट कैटेगरी में प्राप्त हुआ। उ.प्र. पुलिस को चाइल्ड सेफ्टी, सर्विलॉन्स एवं मॉनीटरिंग तथा वुमन सेफ्टी कैटेगरी में भी 3 फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड 2019 प्राप्त हुए।

### पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह

- औरैया में पॉक्सो एक्ट में 9 दिवस में मा. न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा व रु. 2 लाख अर्थदण्ड से दण्डित कराने में पैरवी करने वाली टीम को प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की गयी।

## कल्याण

- दिनांक 29.08.2019 : सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कार्मिकों के आश्रितों के उप निरीक्षक(ना.पु.) के 442, प्लाटून कमाण्डर, पीएसी के 11 व अग्निशमन अधिकारी (द्वितीय) के 1 पद पर चयन का परिणाम घोषित।

## सराहनीय कार्य

- दिनांक 31.08.2019 : गौतमबुद्धनगर में 6 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट की रु. 1 करोड़ की दवाईयाँ, 1 कैन्टर, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 30.08.2019 : कुशीनगर लूट की घटना के 05 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का ट्रक मय रु. 7 लाख की 397 बोरी प्याज, प्रयुक्त बोलेरो, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 26.08.2019 : एटा से 8 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट के 109 कार्टन फुटवियर, 1 कैन्टर, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 25.08.2019 : गाज़ियाबाद से 2 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के रु. 10,76,000.00 नकद, आदि बरामद।
- दिनांक 24.08.2019 : गाज़ियाबाद में अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की रु. 5 लाख की सरिया व 1 ट्रक बरामद।
- दिनांक 23.08.2019 : झाँसी में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 8,07,000.00 नकद, सोने/चाँदी के जेवर, 2 मोबाइल फोन, आलाकत्ल, आदि बरामद।
- दिनांक 20.08.2019 : दिनांक 18.08.2019 को सहारनपुर में गोली मारकर 2 व्यक्तियों की हत्या के प्रकरण में नामजद 3 अभियुक्त हत्या में प्रयुक्त 3 तमंचे, 1 रायफल, 1 डबल बैरल बन्दूक व 40 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार।
- दिनांक 18/19.08.2019 : 1) लखनऊ से इनामी अपराधी सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, लगभग रु. 1 करोड़ की 01 किलो अवैध स्मैक लूट के रु. 16,750.00 नकद, मोबाइल फोन, 15 सोने की चैन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद। 2) बागपत से 4 चोर गिरफ्तार, चोरी के रु. 18 लाख के सोने–चाँदी के आभूषण, 13 कलाई घड़ियाँ, रु. 13,150.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 18.08.2019 : गोरखपुर में अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 25 लाख के आभूषण, 6 मोबाइल फोन, आदि बरामद।
- दिनांक 14.08.2019 : वाराणसी से 4 तस्कर गिरफ्तार, रु. 37 लाख नकद, 25 कि.ग्रा. गाँजा, 280 कि.ग्रा. भाँग, चोरी की 6 मोटर साइकिलें, 8 मोबाइल फोन, 1 पिस्टल, रु. 50 करोड़ के जमीन रजिस्ट्री के पेपर, लगभग 100 बैंक खातों की पासबुक, आदि बरामद।
- दिनांक 11.08.2019 : वाराणसी में अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 5 लाख के सोने–चांदी के आभूषण, आदि बरामद।
- दिनांक 10.08.2019 : गाज़ियाबाद से 6 अभियुक्त गिरफ्तार, फर्जीवाड़ा के रु. 27,84,000.00 नकद, प्रयुक्त मोबाइल फोन, आदि बरामद व 5 अभियुक्त गिरफ्तार रु. 1 लाख नकद, आग्नेयास्त्र, विभिन्न बैंकों के 52 एटीएम कार्ड, आदि बरामद।
- दिनांक 04.08.2019 : आजमगढ़ में 2 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के रु. 4,03,000.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।
- दिनांक 31.07.2019 : गाज़ियाबाद में 4 चोर गिरफ्तार, रु. 58 लाख के सोने/चाँदी के आभूषण, रु. 49,45,500.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

# उल्लेखनीय कार्य

## एस.टी.एफ.

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,00,000.00 | | | इनाम (रु.) : 25,000.00 | | |
| 09.08.19 | वाराणसी | 01 | 29.08.19 | आगरा | 02 |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | 14.08.19 | हरियाणा | 01 |
| 30.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 03.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 29.08.19 | गाजियाबाद | 01 | इनाम (रु.) : 20,000.00 | | |
| 26.08.19 | देहरादून | 01 | 19.08.19 | बरेली | 02 |
| 10.08.19 | फर्रुखाबाद | 01 | इनाम (रु.) : 12,000.00 | | |
| | | | 05.08.19 | मुजफ्फरनगर | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.08.19 | सोनभद्र | — | 52 कि.ग्रा. | 17 लाख | 02 |
| 29.08.19 | लखनऊ | | 156 कि.ग्रा. | 50 लाख | 05 |
| 25.08.19 | मऊ | — | 150 कि.ग्रा. | 50 लाख | 04 |
| 24.08.19 | मऊ | — | 221 कि.ग्रा. | 70 लाख | 03 |
| 07.08.19 | गोरखपुर | — | 6400 कि.ग्रा. | — | 05 |

- दिनांक 30.08.2019 : 10वीं, 12वीं, स्नातक व अन्य फर्जी मार्कशीट/दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह के 02 सदस्य प्रयागराज से गिरफ्तार।
- दिनांक 24.08.2019 : भाड़े पर हत्या करने वाले गिरोह के 3 सदस्य प्रयागराज से गिरफ्तार।
- दिनांक 22.08.2019 : metrocitysecurity.in द्वारा नौकरी का लालच देकर हजारों बेरोजगारों से करोड़ों रुपये के ठग सहित 2 अभियुक्त मय फर्जी दस्तावेज लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 14.08.2019 : 4 अर्न्तजनपदीय ठग लखनऊ से गिरफ्तार।
- दिनांक 09.08.2019 : 1) एयरटेल की डी.डी.टी. एम. मशीन/टॉवर लगाने, बीमा पॉलिसी निरस्त कराने, आईपीओ में निवेश कराकर रुपया कम समय में दोगुना करने का प्रलोभन देकर सिक्योरिटी, जीएसटी, स्टेट ट्रांजेक्शन चार्ज आदि के नाम पर लगभग 200 लोगों से रु. 5 करोड़ का ठग 1 लाख ग्राहकों के अनाधिकृत डेटा सहित नोएडा से गिरफ्तार।
2) प्रतियोगी परीक्षा पास कराने हेतु अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी करके अनुचित लाभ कमाने व फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह के सदस्य मेरठ से गिरफ्तार।
- दिनांक 08.08.2019 : प्रतापगढ़ के अधिवक्ता व विश्व हिन्दू परिषद के ओम मिश्रा की दिनांक 15.07. 2019 को हत्या के 4 अभियुक्त गिरफ्तार।
- दिनांकः 05.08.2019 : सेना में भर्ती हेतु अभ्यर्थियों से धोखाधड़ी कर अनुचित लाभ लेने व फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह के सरगना सहित 1 सदस्य मेरठ से गिरफ्तार।
- दिनांक 03.08.2019 : गोरखपुर से 3 अन्तर्राज्यीय असलहा तस्कर गिरफ्तार।
- दिनांक 01.08.2019 : 1) अर्न्तजनपदीय अवैध शस्त्र तस्कर गैंग के 2 सदस्य मय 6 अवैध आग्नेयास्त्र गिरफ्तार व फैक्ट्री सीज़। 2) असफल प्रेम सम्बन्ध के कारण प्रेमी की नवविवाहिता पत्नी की हत्या का दुष्प्रेरण करने वाले 3 अपराधी मेरठ से गिरफ्तार।

# जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 2,50,000.00 | | | इनाम (रु.) : 1,25,000.00 | | |
| 27.08.19 | सम्भल | 01 | 10.08.19 | बागपत | 01मृत्यु |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| 23.08.19 | प्रयागराज | 01 | 12.08.19 | गोण्डा | 01 |
| 21.08.19 | बलिया | 01 | 11.08.19 | मैनपुरी | 01 |
| 18.08.19 | मऊ | 01 | 09.08.19 | सहारनपुर | 01 |
| 14.08.19 | आजमगढ़ | 01 | 04.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 14.08.19 | मथुरा | 01 | 01.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| 13.08.19 | मैनपुरी | 01 | 01.08.19 | मथुरा | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| | | | 17.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 30.08.19 | आगरा | 01 | 17.08.19 | वाराणसी | 01 |
| 29.08.19 | एटा | 02 | 17.08.19 | आजमगढ़ | 02 |
| 29.08.19 | झाँसी | 01 | 16.08.19 | अम्बेडकरनगर | 01 |
| 28.08.19 | एटा | 01 | 15.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| 28.08.19 | कानपुरनगर | 01 | 14.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 27.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 15.08.19 | कानपुरनगर | 02 |
| 27.08.19 | आजमगढ़ | 02 | 14.08.19 | गोरखपुर | 01 |
| 27.08.19 | औरैया | 01 | 13.08.19 | मेरठ | 05 |
| 26.08.19 | जौनपुर | 01 | 13.08.19 | कानपुरनगर | 02 |
| 25.08.19 | कानपुरनगर | 01 | 12.08.19 | एटा | 01 |
| 25.08.19 | बदायूँ | 01 | 12.08.19 | मथुरा | 01 |
| 24.08.19 | बलिया | 01 | 11.08.19 | बलिया | 01 |
| 24.08.19 | इटावा | 01 | 10.08.19 | आजमगढ़ | 03 |
| 24.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 09.08.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 23.08.19 | मथुरा | 01 | 08.08.19 | बरेली | 01 |
| 23.08.19 | बाराबंकी | 01 | 08.08.19 | हरदोई | 01 |
| 23.08.19 | जौनपुर | 02 | 08.08.19 | मथुरा | 02 |
| 22.08.19 | गाज़ियाबाद | 04 | 07.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 22.08.19 | आजमगढ़ | 01 | 07.08.19 | देवरिया | 01 |
| 21.08.19 | प्रयागराज | 01 | 06.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.08.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 05.08.19 | गोरखपुर | 02 |
| 20.08.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 05.08.19 | प्रयागराज | 01 |
| 20.08.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 04.08.19 | कानपुरनगर | 01 |
| 20.08.19 | इटावा | 01 | 04.08.19 | प्रयागराज | 03 |
| 20.08.19 | कुशीनगर | 01 | 03.08.19 | बदायूँ | 02 |
| 20.08.19 | झाँसी | 01 | 03.08.19 | गाज़ियाबाद | 03 |
| 19.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 02.08.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| 19.08.19 | जालौन | 01 | 02.08.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 19.08.19 | बुलन्दशहर | 03 | 02.08.19 | मेरठ | 02 |
| 18.08.19 | मऊ | 01 | 01.08.19 | वाराणसी | 01 |
| 17.08.19 | फिरोज़ाबाद | 01 | 01.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| 31.08.19 | ललितपुर | 02 | 16.08.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 30.08.19 | बाराबंकी | 02 | 16.08.19 | बाराबंकी | 01 |
| 27.08.19 | मेरठ | 01 | 12.08.19 | प्रयागराज | 01 |
| 26.08.19 | ललितपुर | 01 | 09.08.19 | गोरखपुर | 01 |
| 16.08.19 | प्रतापगढ़ | 01 | 04.08.19 | खीरी | 01 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 15.08.19 | सम्भल | 01 |
| 31.08.19 | जालौन | 01 | 15.08.19 | जालौन | 01 |
| 29.08.19 | अलीगढ़ | 01 | 14.08.19 | मथुरा | 01 |
| 22.08.19 | एटा | 01 | 13.08.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 23.08.19 | जौनपुर | 02 | 13.08.19 | मथुरा | 01 |
| 22.08.19 | वाराणसी | 02 | 12.08.19 | अम्बेडकरनगर | 03 |
| 18.08.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 11.08.19 | गोण्डा | 01 |
| 18.08.19 | गोरखपुर | 01 | 07.08.19 | मथुरा | 01 |
| 17.08.19 | मैनपुरी | 01 | 05.08.19 | बागपत | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 26.08.19 | कुशीनगर | 01 | 17.08.19 | मुरादाबाद | 02 |
| 24.08.19 | वाराणसी | 01 | 13.08.19 | देवरिया | 01 |
| 21.08.19 | मथुरा | 01 | 11.08.19 | मथुरा | 01 |
| 20.08.19 | महोबा | 01 | 04.08.19 | जालौन | 01 |
| 17.08.19 | चन्दौली | 02 | 03.08.19 | सहारनपुर | 01 |
| 17.08.19 | औरैया | 01 | 01.08.19 | कौशाम्बी | 01 |
| | | | इनाम (रु.) : 5,000.00 | | |
| | | | 04.08.19 | देवरिया | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.08.19 | बदायूँ | 745 | — | 31 लाख | 02 |
| 30.08.19 | हापुड़ | — | 202 कि.ग्रा. गाँजा | 20 लाख | 02 |
| 30.08.19 | वाराणसी | 340 | — | 35 लाख | 02 |
| 29.08.19 | वाराणसी | — | 375 ग्रा. स्मैक | 35 लाख | 01 |
| 29.08.19 | कुशीनगर | 156 | — | 7.5 लाख | 01 |
| 29.08.19 | बुलन्दशहर | 502 | — | 35 लाख | 02 |
| 28.08.19 | गाजीपुर | 182 | — | 15 लाख | 06 |
| 27.08.19 | एटा | 290 | — | 18 लाख | 02 |
| 26.08.19 | चन्दौली | — | 845 कि.ग्रा. गाँजा | 60 लाख | 02 |
| 25.08.19 | फतेहगढ़ | 1080ली. | — | — | 02 |
| 24.07.19 | बाराबंकी | — | 260ग्रा. मॉर्फीन | 75 लाख | 01 |
| 24.08.19 | इटावा | 475 | — | 18 लाख | 01 |
| 24.08.19 | वाराणसी | 150 | — | 30 लाख | 01 |
| 24.08.19 | सोनभद्र | — | 210 कि.ग्रा. गाँजा | 15 लाख | 01 |
| 23.07.19 | बाराबंकी | — | 50 ग्रा. मॉर्फीन | 15 लाख | 02 |
| 21.08.19 | एटा | 675 | — | 30 लाख | 05 |
| 21.08.19 | बुलन्दशहर | 770 | — | 40 लाख | 04 |
| 21.08.19 | चन्दौली | 1000 | — | 45 लाख | 07 |
| 20.08.19 | मथुरा | 1300 | — | 66 लाख | 05 |
| 20.08.19 | संतकबीरनगर | शराब | — | 8 लाख | 02 |
| 19.08.19 | वाराणसी | 250 | — | 25 लाख | 02 |
| 19.08.19 | लखनऊ | — | 1 कि.ग्रा. मार्फीन | — | 02 |
| 16.08.19 | वाराणसी | — | 1094 ग्रा. स्मैक | 3 करोड़ | 01 |
| 14.08.19 | वाराणसी | — | 25 कि.ग्रा. गाँजा, 280 कि.ग्रा. भाँग | — | 04 |
| 13.08.19 | बाराबंकी | — | 26 ग्रा. मॉर्फीन | 8 लाख | 01 |
| 13.08.19 | श्रावस्ती | — | 5 कि.ग्रा. चरस | — | 02 |
| 12.08.19 | देवरिया | 360 | — | 28 लाख | 02 |
| 11.08.19 | मथुरा | 280 | — | 14 लाख | 02 |
| 08.08.19 | बाराबंकी | — | 100 ग्रा. मॉर्फीन | 30 लाख | 01 |
| 07.08.19 | कुशीनगर | 855 | — | 17 लाख | 01 |
| 06.08.19 | देवरिया | 231 | — | 16 लाख | 02 |
| 02.08.19 | शामली | 200 | — | 25 लाख | 02 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मऊ, चन्दौली, शाहजहाँपुर, वाराणसी, बाराबंकी, सोनभद्र, अमेठी, जालौन, एटा, खीरी, फिरोज़ाबाद, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, गोण्डा, आजमगढ़, मेरठ, कानपुरनगर, रामपुर, कौशाम्बी, कासगंज, देवरिया, बदायूँ, मुज़फ्फरनगर, मथुरा, बागपत, बलिया, सम्भल, मुरादाबाद, शामली, कौशाम्बी, बिजनौर, फतेहपुर, कुशीनगर, रायबरेली, हरदोई, सहारनपुर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, सीतापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, सहारनपुर इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 25.08.19 | बागपत | 1 देशी रायफल, 1 मस्कट, आदि | 06 |
| 23.08.19 | एटा | 10 तमंचे, आदि | 01 |
| 18.08.19 | हरदोई | 8 तमंचे, 1 देशी बन्दूक, 1 देशी रिवॉल्वर, आदि | 06 |
| 15.08.19 | महोबा | 6तमंचे, 1 देशी रायफल, आदि | 02 |
| 14.08.19 | हरदोई | 10 तमंचे, 1 देशी बन्दूक, आदि | 01 |
| 12.08.19 | प्रयागराज | 12 देशी पिस्टल, आदि | 02 |
| 08.08.19 | मथुरा | 3 देशी पिस्टल, 3 देशी बन्दूक, 4 तमंचे, आदि | 04 |
| 03.08.19 | मेरठ | 21 तमंचे, 3 रायफल/बन्दूक, आदि | 02 |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के आदेश/निर्देश

• पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न डीजी परिपत्रों द्वारा निर्देश निर्गत किये हैं–

1) संख्या–37/2019 दिनांक 29.08.2019 द्वारा सिविल मिस रिट याचिका(सी) संख्याः24328/2019, सुमन अहिरवार व अन्य बनाम स्टेट ऑफ यूपी व अन्य में मा. उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.07.2019 के अनुपालन के सम्बन्ध में,

2) संख्या–36/2019 दिनांक 19.08.2019 द्वारा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं महिलाओं के विरुद्ध अपराध कारित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में निर्गत परिपत्र संख्याः33/2019 दिनांक 29.07.2019 के अनुपालन के सम्बन्ध में,

3) संख्या–35/2019 दिनांक 07.08.2019 द्वारा पूर्व निर्गत निर्देशों के क्रम में थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनाती के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश, एवं

4) संख्या–34/2019 दिनांक 02.08.2019 द्वारा मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम–2019) में वर्णित प्राविधानों के अनुपालनार्थ दिशा–निर्देश।

### अन्य निर्देश

• दिनांक 01.09.2019 से मोहर्रम एवं दिनांक 02.09.2019 से प्रारम्भ श्री गणेश चतुर्थी पर्वों पर समुचित सुरक्षा/पुलिस व्यवस्था हेतु निर्देश,

• मा. सर्वोच्च न्यायालय के बन्दियों को हथकड़ी लगाये जाने सम्बन्धी निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालनार्थ निर्देश,

• पुलिस कर्मियों के मानसिक अवसाद एवं तनाव जैसी समस्याओं के निराकरण हेतु दक्ष मनोवैज्ञानिक की सेवायें लिये जाने के निर्देश,

• महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना, अपराध से सम्बन्धित विचारण में प्रभावी अनुश्रवण एवं पीड़िताओं व गवाहों की सुरक्षा हेतु निर्देश,

• 'साक्षी सुरक्षा योजना–2018' से सम्बन्धी रिट याचिका संख्याः 156/2016 महेन्द्र चावला बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालनार्थ निर्देश,

• श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 2019 पर समुचित सुरक्षा/पुलिस व्यवस्था किये जाने के निर्देश,

• गम्भीर अपराधों में लिप्त एवं कुख्यात अपराधियों की रिमाण्ड आदि कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराये जाने हेतु दिशा–निर्देश।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिये गये निर्देश

1. दिनांक 29.08.2019 : मोहर्रम व गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्क दृष्टि हेतु निर्देश।
2. दिनांक 22.08.2019 : आगरा, झाँसी व अलीगढ़ परिक्षेत्र के पॉक्सो एक्ट के अपराधों के 10–10 अभियोगों की पैरवी की समीक्षा एवं निर्देश,
3. दिनांक 21.08.2019 : मेरठ, देवीपाटन, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ एवं अयोध्या परिक्षेत्र के पॉक्सो एक्ट के अपराधों के 10–10 अभियोगों की पैरवी की समीक्षा एवं निर्देश,
4. दिनांक 14.08.2019 : भारत–नेपाल सीमा पर प्रभावी व्यवस्था एवं सतर्क दृष्टि हेतु निर्देश,
5. दिनांक 04.08.2019 : अपराध एवं कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण

• दिनांक 27.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, गृह, उ.प्र. ने थाना गोसाईगंज, का आकस्मिक निरीक्षण कर बाउन्ड्रीवाल बनाने, क्षेत्र में एक और नये थाने के सृजन, जनता दर्शन हॉल का प्रस्ताव भेजने व साफ–सफाई हेतु निर्देश दिये। रजिस्टर नं.–4, त्योहार रजिस्टर, टॉप–10 क्रिमिनल रजिस्टर, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी, आदि का अवलोकन कर निर्देश दिये।




• दिनांक 11.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने शामली में नवनिर्मित पुलिस कार्यालय का लोकार्पण व वृक्षारोपण किया तथा अधिकारियों, सम्भ्रान्त नागरिक/व्यवसायियों की उपस्थिति में पुलिस कर्मियों/ग्राम प्रहरियों/ सुरक्षा मित्रों को प्रशस्ति पत्र व महिला सशक्तीकरण एवं बालिका सुरक्षा सम्बन्धी कार्यशालाओं में अग्रणी भूमिका हेतु 5 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रति बालिका रु. 1,000.00 नकद पुरस्कार प्रदान किया। पुलिस कर्मियों को सदाचरण व सौम्य व्यवहार, अपराधों पर जीरो टॉलरेन्स, पुलिस छवि में सुधार हेतु निर्देश दिये।





### पॉक्सो एक्ट में प्रभावी पैरवी के परिणाम

| वर्ष | मृत्यु दण्ड | आजीवन कारावास | अन्य कारावास |
|---|---|---|---|
| 2019 (जुलाई तक) | –– | 44 | 330 |
| 2018 | 2 | 67 | 331 |

## विविध

• दिनांक 22.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय, लखनऊ पर पुलिस भर्ती व आधुनिकीकरण एवं नवीन पदों के सृजन हेतु शासन को भेजे गये प्रकरणों पर चर्चा एवं नवीन प्रस्तावों को भेजने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

• दिनांक 21.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा "IPR Awareness Program for Police" विषय पर आयोजित कार्यशाला में Regional Director, Indian Chamber of Commerce, Assistant Controller of Patents & Design, IPR Office, GOI व अधिकारियों ने भाग लिया जिसमें Trademarks Act, Copyright Act, Patents Act, Geotraphical Indications of Goods, Protection Act आदि के सम्बन्ध में जानकारी, अपराध होने पर घटनास्थल से साक्ष्य संकलन एवं सीज़र, आदि कार्यवाहियों पर चर्चा हुई।

• **FLO (FICCI LADIES ORGANISATION) Season 10 - Face to Face with Police कार्यक्रम**
दिनांक 16.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने श्रीमती माधुरी हलवासिया, अध्यक्ष, FLO, लखनऊ, श्रीमती अनुराधा वार्ष्णेय अध्यक्ष, FLO, कानपुर, श्रीमती रीतू माथुर, श्रीमती संगीता खुराना, इवेन्ट चेयर सहित सदस्याओं, महिला पुलिस कार्मिकों के कार्यक्रम में संवाद करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिये उ.प्र. पुलिस द्वारा उठाये गये ठोस कदम, अभियोजन में विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम लागू करने, एन्टी रोमियो स्क्वॉड, जनपदीय पुलिस एवं यूपी–100 को और सक्रिय करने, पुलिस अधिकारियों की सघन फुट पेट्रोलिंग से सार्वजनिक/संवेदनशील स्थानों से अराजक तत्वों के पलायन, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये सादे कपड़ों में महिला आरक्षियों की तैनाती, यूपी–100 वाहनों से एन्टी रोमियो स्क्वॉड की सम्बद्धता, महिला सम्बन्धी अपराधों में 90 दिवस में आरोप पत्र प्रेषित कर प्रभावी अभियोजन की कार्यवाही हेतु निर्देश, यूपी 100 के रेस्पॉस टाइम में कमी, सोशल मीडिया की ट्विटर सेवा को अधिक प्रभावी बनाने, 2,40,000 डिजिटल वालेण्टियर्स का कुम्भ मेला में सार्थक सहयोग, वुमेन पावर लाइन द्वारा जुलाई 2019 में स्कूल/कॉलेजों में जाकर लड़कियों से संवाद कर सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देने, इत्यादि प्रयासों से उ.प्र. में भयमुक्त वातावरण कायम करने में सफल रहने, पूर्व की तुलना में अपराधों में कमी आने, भयमुक्त वातावरण में रोजगार/व्यवसाय निर्भीकता से हो सकने से अवगत कराया।



• बाढ़ राहत : दिनांक 13.08.2019 : श्रीमती नीलम सिंह अध्यक्षा, वामा सारथी, उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन ने पुलिस लाइन्स, लखनऊ से 4 ट्रकों को हरी झण्डी दिखाकर बाढ़ राहत सामग्री रवाना की।





• वृक्षारोपण : दिनांक 09.08.2019: श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक ने ''वृहद वृक्षारोपण अभियान'' में पुलिस मुख्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया।



• दिनांक 08.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कर पर्यावरण सम्बन्धी प्रेरक सम्बोधन किया।




• समीक्षा : दिनांक 05.08.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय के सोशल मीडिया सेल के कार्यों की समीक्षा की।

निर्देशन : श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर. के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500